**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 2219**

**Series : SS/Annual Exam.-2025**

*Roll No.* | | | | | | | | | | |

***SET : D***

# समाजशास्त्र

# SOCIOLOGY

[ Hindi and English Medium ]

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear/Improvement/Additional Candidates)

*Time allowed :* ***3*** *hours ]* *[ Maximum Marks :* ***80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **16** तथा प्रश्न **38** हैं।*

  *Please make sure that the printed pages in this question paper are **16** in number and it contains **38** questions.*

- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*

  *The **Code No.** and **Set** on the right side of the question paper should be written by the candidate on the front page of the answer-book.*

- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*

  *Before beginning to answer a question, its Serial Number must be written.*

- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*

  *Don't leave blank page/pages in your answer-book.*

- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*

  *Except answer-book, no extra sheet will be given. Write to the point and do not strike the written answer.*

- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।*

  *Candidates must write their Roll No. on the question paper. Except Roll No. do not write anything on question paper and don't make any mark on answers of objective type questions.*

- *कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है,* ***परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

  *Before answering the questions, ensure that you have been supplied the correct and complete question paper,* ***no claim in this regard, will be entertained after examination.***

---

*सामान्य निर्देश :*

(i) *इस प्रश्न-पत्र में कुल* **38** *प्रश्न हैं, जो* **चार** *खण्डों :* ***'अ', 'ब', 'स'*** *एवं* ***'द'*** *में विभक्त हैं।*

(ii) ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

(iii) ***खण्ड-अ*** *में* **1** *से* **20** *तक वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।*

(iv) ***खण्ड-ब*** *में प्रश्न संख्या* **21** *से* **29** *तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग* **25** *से* **50** *शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।*

(v) ***खण्ड-स*** *में प्रश्न संख्या* **30** *से* **35** *तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग* **75** *से* **125** *शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 4 अंकों का है।*

(vi) ***खण्ड-द*** *में प्रश्न संख्या* **36** *से* **38** *दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग* **150** *से* **200** *शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 6 अंकों का है।*

(vii) ***खण्ड-ब, स*** *एवं* ***द*** *के कुछ प्रश्नों में आंतरिक चयन प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में से आपको दिए गए चयन में से केवल* ***एक*** *ही प्रश्न करना है।*

***General Instructions :***

(i) *This question-paper consists of total* **38** *questions, which are divided into* ***four*** *Sections :* ***'A', 'B', 'C'*** *&* ***'D'.***

(ii) ***All questions are compulsory.***

*(iii)* *Question Nos.* **1** *to* **20** *of* ***Section–A*** *are objective type questions. Each question carries* 1 *mark.*

*(iv)* *Question Nos.* **21** *to* **29** *of* ***Section–B*** *are very short answer type questions. The answer of each question may be given in about* **25** *to* **50** *words. Each question carries* 2 *marks.*

*(v)* *Question Nos.* **30** *to* **35** *of* ***Section–C*** *are short answer type questions. The answer of each question may be given in about* **75** *to* **125** *words. Each question carries* 4 *marks.*

*(vi)* *Question Nos.* **36** *to* **38** *of* ***Section–D*** *are long answer type questions. The answer of each question may be given in about* **150** *to* **200** *words. Each question carries* 6 *marks.*

*(vii)* *Internal choice has been provided in some questions of* ***Section-B, C*** *&* ***D****. You have to attempt only* **one** *of the given choice in such questions.*

**खण्ड – अ**

**SECTION – A**

**(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)**

**(Objective Type Questions)**

**1.** 'प्रबल जाति' की अवधारणा किसने दी ? 1

(A) ए० आर० देसाई (B) एम० एन० श्रीनिवास

(C) एस० सी० दूबे (D) डी० पी० मुखर्जी

Who gave the concept of 'Dominant Caste' ?

(A) A. R. Desai (B) M. N. Srinivas

(C) S. C. Dube (D) D. P. Mukerji

**2.** भारत में बालिकाओं के लिए पहला विद्यालय कहाँ बना ? 1

(A) श्रीनगर (B) पुणे

(C) दिल्ली (D) गांधीनगर

Where was the first school for girls in India established ?

(A) Srinagar (B) Pune

(C) Delhi (D) Gandhinagar

**3.** संविधान के किस अनुच्छेद में अस्पृश्यता का उन्मूलन किया गया है ? 1

(A) अनुच्छेद-40 (B) अनुच्छेद-17

(C) अनुच्छेद-24 (D) अनुच्छेद-21

In which article of the Constitution is untouchability abolished ?

(A) Article-40 (B) Article-17

(C) Article-24 (D) Article-21

**4.** काका कालेलकर की अध्यक्षता में कौन-सा आयोग गठित किया गया ? 1

(A) प्रथम पिछड़ा वर्ग आयोग

(B) दूसरा पिछड़ा वर्ग आयोग

(C) तीसरा पिछड़ा वर्ग आयोग

(D) चौथा पिछड़ा वर्ग आयोग

Under the Chairmanship of Kaka Kalelkar, which Commission was formed ?

(A) First Backward Class Commission

(B) Second Backward Class Commission

(C) Third Backward Class Commission

(D) Fourth Backward Class Commission

**5.** कार्यशील वर्ग में आमतौर पर कौन-से आयु वर्ग को शामिल किया जाता है ? 1

(A) 15-60 (B) 15-65

(C) 15-64 (D) 15-62

Which age group is generally included in the working-class category ?

(A) 15-60 (B) 15-65

(C) 15-64 (D) 15-62

**6.** स्त्री-पुरुष अनुपात को कितने प्रति पुरुषों के पीछे स्त्रियों की संख्या के रूप में परिभाषित किया जाता है ? 1

(A) 1000 पुरुष (B) 5000 पुरुष

(C) 9000 पुरुष (D) 10000 पुरुष

The sex ratio is defined as the number of females per how many males ?

(A) 1000 males (B) 5000 males

(C) 9000 males (D) 10000 males

**7.** 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना किसने की ? 1

Who founded the 'Satyashodhak Samaj' ?

**8.** 'द वेल्थ ऑफ नेशंस' पुस्तक किसने लिखी ? 1

Who wrote the book 'The Wealth of Nations' ?

**9. अभिकथन (A) :** बाज़ार एक सामाजिक संस्था के रूप में कार्य करता है क्योंकि यह समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को आर्थिक गतिविधियों के माध्यम से एक-दूसरे से जोड़ता है। 1

**कारण (R) :** बाजार केवल वस्तुओं और सेवाओं के लेन-देन का स्थान नहीं है, बल्कि यह सामाजिक संबंधों और मान्यताओं को भी प्रभावित करता है।

दिए गए कथन और कारण को पढ़कर ***सही*** विकल्प चुनिए :

*विकल्प :*

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है।

(D) अभिकथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।

**Assertion (A) :** The market functions as a social institution because it connects people from different social classes through economic activities.

**Reason (R) :** The market is not just a place for exchanging goods and services but also influences social relationships and beliefs.

Choose the ***correct*** option based on the statement and reason :

***Options :***

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is incorrect.

(D) Assertion (A) is incorrect, but Reason (R) is correct.

**10.** जब नवविवाहित जोड़ा वधू के माता-पिता के साथ रहता है, तो उसे कौन-सा परिवार कहा जाता है ? 1

What is the type of family called when a newlywed couple live with the bride's parents ?

**11.** ............. ने 'सोम प्रकाश' नामक समाचार-पत्र शुरू किया। 1

............. started the newspaper 'Som Prakash'.

**12.** एक देश द्वारा दूसरे देश पर शासन ........... कहलाता है। 1

The domination of one country by another is called ........... .

**13.** भारत में संविधान के ............ वें संशोधन द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के तीन स्तरीय मॉडल की शुरूआत हुई। 1

The Panchayati Raj's three tier system in India was established under ...........th Constitutional Amendment.

**14.** किस वर्ष 'अंजुमन-ए-ख्वातीन-ए-इस्लाम' की स्थापना हुई ? 1

(A) 1850 (B) 1914

(C) 1720 (D) 1870

In which year was the 'Anjuman-E-Khawatin-E-Islam' founded ?

(A) 1850 (B) 1914

(C) 1720 (D) 1870

**15.** भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद जीवन व व्यक्तिगत स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार देता है ? 1

(A) अनुच्छेद-1 (B) अनुच्छेद-7

(C) अनुच्छेद-40 (D) अनुच्छेद-21

Which article of the Indian Constitution grants the fundamental right to life and personal liberty ?

(A) Article-1 (B) Article-7

(C) Article-40 (D) Article-21

**16.** सामाजिक संरचना में सामाजिक व्यवहार के निश्चित प्रतिमान ***नहीं*** होते हैं। ***(सत्य/असत्य )*** 1

Social structure does ***not*** have fixed patterns of social behaviour. ***(True/False)***

**17.** समाजशास्त्र का उद्देश्य क्या है ? 1

(A) समाज की संरचना और कार्यप्रणाली का अध्ययन

(B) आर्थिक नीतियों का अध्ययन

(C) राजनीतिक दलों का अध्ययन

(D) वैज्ञानिक प्रयोगों का अध्ययन

What is the purpose of Sociology ?

(A) To study the structure and functioning of society

(B) To study the economic policies

(C) To study the political parties

(D) To study the scientific experiments

**18.** सन् 1698 ईस्वी में फोर्ट विलियम की स्थापना किस नदी के किनारे हुई ? 1

(A) हुगली (B) सिंधु

(C) नर्मदा (D) कृष्णा

In 1698, Fort William was established on the banks of which river ?

(A) Hooghly (B) Indus

(C) Narmada (D) Krishna

**19.** ब्रिटिश काल में भारत में निम्नलिखित में से किस भाषा का सर्वाधिक प्रचार हुआ ? 1

(A) हिंदी (B) अंग्रेजी

(C) पंजाबी (D) उड़िया

During British rule, which language was the most promotion in India ?

(A) Hindi (B) English

(C) Punjabi (D) Odia

**20.** आर्य समाज की स्थापना निम्न में से किसने की थी ? 1

(A) ज्योतिबा फुले (B) स्वामी दयानंद

(C) राजा राममोहन राय (D) इनमें से कोई नहीं

Who among the following founded the Arya Samaj ?

(A) Jyotiba Phule (B) Swami Dayanand

(C) Raja Ram Mohan Roy (D) None of these

**खण्ड - ब**

**SECTION – B**

**(अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)**

**(Very Short Answer Type Questions)**

**21.** पन्यकरण या वस्तुकरण क्या है ? 2

What is Commercialization or Commoditization ?

**22.** पूर्वाग्रह क्या है ? स्पष्ट कीजिए। 2

What is Prejudice ? Explain.

अथवा

**OR**

सामाजिक विषमता एवं बहिष्कार किस प्रकार सामाजिक मुद्दे हैं ?

How are social inequality and exclusion social issues ?

**23.** औद्योगीकरण से क्या अभिप्राय है ? 2

What is meant by Industrialization ?

**24.** पश्चिमीकरण से क्या अभिप्राय है ? 2

What is meant by Westernization ?

**25.** भूमंडलीकरण के भारतीय संस्कृति पर पड़े किन्हीं ***दो*** प्रभावों का वर्णन कीजिए। 2

Describe ***two*** effects of globalization on Indian Culture.

**26.** टेलीविज़न के भारतीय समाज पर पड़ने वाले किन्हीं ***दो*** प्रभावों का वर्णन कीजिए। 2

Describe any ***two*** effects of television on Indian Society.

अथवा

**OR**

प्रिंट मीडिया से क्या अभिप्राय है ?

What is meant by print media ?

**27.** चिपको आंदोलन के विषय में बताइए। 2

Explain the Chipko Movement.

**28.** शिशु मृत्यु दर क्या है ? 2

What is infant mortality rate ?

**अथवा**

**OR**

लोग गांव से शहर क्यों जा रहे हैं ?

Why are people migrating from villages to cities ?

**29.** संस्कृतिकरण से क्या अभिप्राय है ? 2

What is meant by Sanskritization ?

**खण्ड – स**

**SECTION – C**

**(लघु उत्तरीय प्रश्न)**

**(Short Answer Type Questions)**

**30.** उपनिवेशवाद के भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़े कोई ***चार*** प्रभावों का वर्णन कीजिए। 4

Describe any ***four*** effects of Colonialism on the Indian economy.

**31.** सामाजिक अपवर्जन या बहिष्कार से आप क्या समझते हैं ? व्याख्या कीजिए। 4

What do you understand by Social Exclusion ? Explain.

**32.** हरित क्रान्ति के भारतीय समाज पर पड़े किन्हीं ***चार*** प्रभावों का वर्णन कीजिए। 4

Describe any ***four*** effects of the Green Revolution on Indian society.

**अथवा**

**OR**

स्वतंत्रता के पश्चात् ग्रामीण भारत में आए कोई ***चार*** परिवर्तन बताइए।

Mention any ***four*** changes in rural India after independence.

**33.** औद्योगीकरण से क्या अभिप्राय है ? औद्योगीकरण के भारतीय समाज पर पड़े कोई ***तीन*** प्रभावों का वर्णन कीजिए। 4

What is meant by Industrialization ? Describe any ***three*** effects of Industrialization on Indian society.

**34.** थॉमस रॉबर्ट माल्थस का जनसंख्या वृद्धि सिद्धांत क्या है ? 4

What is Thomas Robert Malthus's theory of population growth ?

**35.** वर्तमान समय में जाति व्यवस्था में आए कोई ***चार*** परिवर्तन बताएँ। 4

Mention any ***four*** changes in the caste system in the present time.

**अथवा**

**OR**

जाति से क्या अभिप्राय है ? जाति की कोई ***तीन*** विशेषताएँ बताइए।

What is meant by Caste ? Describe any ***three*** characteristics of caste.

## खण्ड – द

## SECTION – D

### (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

### (Long Answer Type Questions)

**36.** ग्राम पंचायत की शक्तियों एवं कार्यों का वर्णन कीजिए। 6

Describe the powers and functions of the Gram Panchayat.

**अथवा**

**OR**

पंचायती राज के आदर्शों का वर्णन कीजिए।

Describe the ideals of Panchayati Raj.

**37.** सांप्रदायिकता क्या है ? यह भारतीय समाज के समक्ष चुनौती कैसे है ? 6

What is Communalism ? How is it a challenge to Indian Society ?

**अथवा**

**OR**

नागरिक समाज से क्या अभिप्राय है और इसकी आवश्यकता क्यों है ?

What is meant by Civil Society and why is it necessary ?

**38. दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

किसान आंदोलन या कृषक संघर्ष औपनिवेशिक काल से पहले के दिनों में शुरू हुआ था। यह आंदोलन 1858 और 1914 के बीच स्थानीयता, विभाजन और विशिष्ट शिकायतों तक सीमित हो गया। 1859-62 का नील विद्रोह नील की खेती के विरूद्ध था और 1875 का दक्कन विद्रोह साहूकारों के अत्याचार के विरोध में था। इन आंदोलनों से जुड़े कई मुद्दे आगे भी बने रहे और महात्मा गांधी के नेतृत्व में यह आंशिक रूप से स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ गए। उदाहरण के लिए, 1928 का बारडोली सत्याग्रह एक लगान विरोधी अभियान था, जो देशव्यापी असहयोग आंदोलन का हिस्सा था। 1917-18 में चंपारण सत्याग्रह हुआ, जो नील की खेती के विरुद्ध था। 1920 के किसान प्रतिरोध आंदोलन ब्रिटिश सरकार की कृषि नीतियों के खिलाफ थे, और कुछ क्षेत्रों में स्थानीय शासन के विरोध में किसान आंदोलन भी उठ खड़े हुए।

*प्रश्न :*

(i) किसान आंदोलन की शुरूआत कब और किस कारण हुई ? 1

(ii) 1859-62 का आंदोलन किस चीज के विरोध में था ? 1

(iii) चंपारण सत्याग्रह कब और क्यों हुआ ? 1

(iv) 1920 के किसान प्रतिरोध आंदोलन का मुख्य उद्देश्य क्या था ? 1

(v) किसान आंदोलन किस प्रकार औपनिवेशिक काल में स्वशासन के खिलाफ एक अभियान था ? 1

(vi) 1875 का दक्कन विद्रोह किसके विरोध में था ? 1

**Read the given paragraph and answer the following questions :**

The Peasant Movement or Agrarian Struggle began in the days before the colonial period. Between 1858 and 1914, these movements became limited to issues of locality, division, and specific grievances. The Indigo Revolt of 1859-62 was against indigo cultivation, and the Deccan Revolt of 1875 was against the exploitation by moneylenders. Many of the issues associated with these movements persisted, and under Mahatma Gandhi's leadership, they became partially linked to the freedom struggle. For example, the Bardoli Satyagraha of 1928 was a campaign against high land revenue, which became part of the nationwide Non-cooperation Movement. The Champaran Satyagraha of 1917-18 was against indigo cultivation. The peasant resistance movements of 1920 were in opposition to the British government's agricultural policies, and in some regions, farmers also rose against local governance.

***Questions :***

(i) When and why did the Farmer's Movement begin ?

(ii) What was the movement of 1859-62 against ?

(iii) When and why did the Champaran Satyagraha happen ?

(iv) What was the main objective of the peasant resistance movement of 1920 ?

(v) How was the Farmer's Movement a campaign against self-governance during the colonial period ?

(vi) The Deccan Revolt of 1875 was against what ?